# *प्रेस विज्ञप्ति*

## *कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद महराजगंज-दिनांक- फरवरी 08,2021*

***यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही एवं संदिग्धों की चेकिंग-*** जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 199 वाहनों का चालान, 12 वाहनों से कुल 6000/-रूपया शमन शुल्क वसूल किया गया शमन शुल्क को नियमानुसार राजकीय कोष में जमा कराया गया।

***शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 13 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

***पैदल गश्त अभियान-*** श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे पैदल गश्त अभियान के तहत जनपद पुलिस के सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीम बनाकर पैदल गश्त अभियान को जारी रखते हुए दुकानदारों, व्यापारियों तथा आम जनता से सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनकी समस्या सुनी गयी। कस्बा में स्थित चौराहों, सड़क की पटरियों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने को कहा गया। जिससे चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात सुगम हो सके।

***अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही-*** पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र की पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए **कुल-02** अभि0गण को गिरफ्तार कर उनके कब्जे **से 40 शीशी नेपाली शराब** बरामद की गयी।

*थाना नौतनवा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* अभियुक्त कमलेश पुत्र रामसहारे नि0 हथियागढवा थाना नौतनवा जनपद महराजगंज के कब्जे से 20 शीशी नेपाली शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 24/21 धारा-60/63 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

*थाना ठूठीबारी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* अभियुक्त रामसूचित कन्नौजिया पुत्र मिठाई नि0 कलटी खोर थाना कोठीभार जनपद महराजगंज के कब्जे से 20 शीशी नेपाली शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 20/21 धारा-60/63 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

*8/22 NDPS अधिनियम में की गयी कार्यवाही-*

*थाना सोनौली पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* अभियुक्तगण 1. इरफान खान 2. अमीर खान पुत्रगण नाजिर नि0गण वार्ड नं0- 14 लोहियानगर थाना सोनौली जनपद महराजगंज के कब्जे से 15 गत्तो मे 54255 एम्पुल नशीला इन्जेक्शन नुफीन, 01 गत्ते मे 34245 अदद प्रिटेड रैपर, 04 अदद लैपटाप, 01अदद आईपैड व 01 अदद टैब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 26/21 धारा - 8/22 NDPS ACT, 419/420/467/468/471 IPC, 63/65 COPY RIGHT ACT, 18A/27 औषधि व प्रशाधन सामग्री अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

*आर्म्स अधिनियम में की गयी कार्यवाही-*

*थाना निचलौल पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-* अभियुक्तगण1. संदीप यादव पुत्र सीताराम 2.दिनेश मद्धेशिया पुत्र जयप्रकाश नि0गण बजही थाना निचलौल जनपद महराजगंज के कब्जे से 01-01 अदद नाजायज चाकू बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 56/57/21, धारा-4/25 आर्म्स अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

*विवेचनाओं का निस्तारण-* पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना की कार्यवाही करते हुए कुल-09 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया।

***जनपद में 07/08-02-2021 को विभिन्न अपराधों में कुल- 18 अभियुक्तगणों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।***